an>

Title: Regarding use of illegal weapons in the country.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक -सवाई माधोपुर): अध्यक्ष महोदया, आज अवैध हथियारों का इतना ज्यादा बोलबाला हो गया है कि हर जगह जो मर्डर हो रहे हैं, उनका यही कारण है। मैं टोंक-सवाई माधोपुर से चुन कर आया हूँ। वहां पर मांस का जो व्यापार हो रहा है, वह सिर्फ अवैध हथियार के कारण हो रहा है। हमारे राजस्थान के दो जिले हैं अलवर और भरतपुर और हरियाणा के पांच जिले हैं, जिनमें गुड़गांव, मेवात, पलवल रेवाड़ी, जहां लाखों नहीं तो कम से कम 40-50 हज़ार लाइसेंस ऐसे हैं, जो नागालैण्ड से बने हुए हैं और रिन्यू यहां पर हो रहे हैं। वहां सारे क्रिमिनल प्रवृत्ति के लड़के अवैध हथियार ले कर रात को खनन करते हैं। रात को बजरी का खनन हो रहा है, पहाड़ों में ट्रक चल रहे हैं। इनको रोकना बहुत जरूरी है। अगर यह नहीं रोका गया तो बहुत दिक्कत होगी। मैं समझता हूँ कि जितना भी क्राइम आज देश में हो रहा है, इसमें 75 पर्सेंट अवैध हथियारों का सबसे ज्यादा प्रयोग हो रहा है। आपके माध्यम से मेरा सरकार से आग्रह है कि इस पर गौर किया जाए। माननीय गृह मंत्री जी को मैंने लिखित रूप से भी यह जानकारी दे दी है।